RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 121 • 14:05:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# लोकसभा चुनाव : चौथे चरण में 62.31 प्रतिशत मतदान

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं जम्मू-कश्मीर सहित 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है। शाम पांच बजे तक कुल 62.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में 75.66 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में 68.04, बिहार में 54.14, जम्मू और कश्मीर में 35.75, झारखंड में 63.14, मध्य प्रदेश में 68.01, महाराष्ट्र में 52.49, ओडिशा में 62.96, तेलंगाना में 61.16 और उत्तर प्रदेश में 56.35 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जा रहे हैं। चार चरणों में घोषित 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों पर भी मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम पांच बजे तक आंध्र प्रदेश में कुल 67.99 प्रतिशत और ओडिशा में 62.96 प्रतिशत मतदान हुआ है। उल्लेखनीय है कि चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8, मध्य प्रदेश की 8, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 सीटों और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हो रहा है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है। इस चरण में 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 17.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.73 करोड़ महिला और 8.97 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 12.49 लाख से अधिक पंजीकृत और 19.99 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।



• आंध्र में विधायक-वोटर ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे

• कांग्रेस प्रत्याशी के भाई ने शख्स को लात मारी

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 68.04% |
| बिहार | 54.14% |
| जम्मू-कश्मीर | 35.75% |
| झारखंड | 63.14% |
| मध्य प्रदेश | 68.01% |
| महाराष्ट्र | 52.49% |
| ओडिशा | 62.96% |
| तेलंगाना | 61.16% |
| उत्तर प्रदेश | 56.35% |
| पश्चिम बंगाल | 75.66% |
| औसत | 62.31% |

## ईरान के चाबहार पोर्ट को भारत ने लीज पर लिया

**तेहरान।** ईरान के चाबहार में शहीद बेहेशती पोर्ट को भारत ने 10 साल के लिए लीज पर ले लिया है। भारत और ईरान के बीच यह डील सोमवार को हुई। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। भारत को इसके जरिए अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया से व्यापार करने के लिए नया रूट मिल जाएगा। पाकिस्तान की जरूरत खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए वैकल्पिक रास्ता मुहैया कराएगा। डील के तहत भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (IPGL) चाबहार पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। चाबहार पोर्ट के समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान दो दशक से चाबहार पर काम कर रहे हैं। चाबहार विदेश में लीज पर लिया गया भारत का पहला पोर्ट है। भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबाहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था।

# पीएम ने बिहार की जनता का आभार व्यक्त किया

एजेंसी। पटना

### एक्स पर लिखा-आपने असीम ऊर्जा भर दी



बीते रोज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की राजधानी पटना में रोड शो किया। इसमें बिहार की जनता काफी उत्साहित दिखी। पीएम मोदी ने इस उत्साह से गद गद हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि आज बिहार ने मुझे असीम ऊर्जा से भर दिया है। पीएम ने रोड शो के तुरंत बाद पटना के लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने एक्स पर पांच पोस्ट कर कहा-पटना के अपने परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार! आज के रोड शो में आप सबका अभूतपूर्व जोश और उत्साह असीम ऊर्जा से भर देने वाला है। विशेषकर युवा साथियों और माताओं-बहनों ने इसमें भागीदारी कर जिस प्रकार भरपूर आशीर्वाद दिया, उससे पता चलता है कि शहर के लोगों का भाजपा-एनडीए से कितना गहरा जुड़ाव है। इससे विकसित-पटना के संकल्प को साकार करने की भावना और प्रबल हुई है। रोड शो के दौरान पीएम-सीएम उमड़े लोगों का अभिवादन दोनों हाथ जोड़कर तो कई बार हाथ हिलाकर करते रहे। रोड शो को लेकर पटना में उत्सवी माहौल दिखा। दिन के दो बजे से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया था। हर ओर भाजपा का झंडा लहरा रहा था। जदयू और लोजपा के समर्थक भी अपनी-अपनी पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे थे। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने चेहरे पर नरेन्द्र मोदी का मास्क पहन रखा था।भगवा रंग के बने विशेष रथ (गाड़ी) पर पीएम भट्टाचार्य मोड़ के ठीक पहले सवार हुए। रथ पर पीएम की बाईं ओर मुख्यमंत्री तो दाहिनी ओर रविशंकर प्रसाद खड़े हुए। प्रधानमंत्री के ठीक पीछे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मौजूद थे। पीएम के रथ के आगे-पीछे सुरक्षा बलों की गाड़ी थी। रोड शो में अबकी बार-400 पार के नारे गूंजते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बायीं ओर खड़े मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। मोदी के दायीं ओर पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद खड़े दिखे। वे हाथ जोड़ कमल का फूल थामे वोट की अपील करते रहे। पीएम के ठीक पीछे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी खड़े रहे। इनके अलावा किसी अन्य नेता को रथ पर जगह नहीं मिली।बता दें कि पटना में रविवार को शाम छह बजे से 80 मिनट देर शाम 7.20 बजे रोड शो भट्टाचार्या मोड़ से जैसे ही आरंभ हुआ, दोपहर से ही पीएम के दीदार के लिए इंतजार में खड़े लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। रोड शो भट्टाचार्य मोड़ से पीरमुहानी, बुद्धमूर्ति, साहित्य सम्मेलन, ठाकुरबाड़ी रोड, बाकरगंज होते हुए उद्योग भवन तक गया।

## ख़ास ख़बर

### इंडिया ब्लॉक की जीत के पक्ष में माहौल बनने का महत्वपूर्ण चरण : खड़गे



**नई दिल्ली।** सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान जारी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह इंडिया ब्लॉक की जीत के पक्ष में माहौल बनाने के लिए महत्वपूर्ण चरण है। खड़गे ने कहा, यह माहौल को पूरी तरह न्याय के पक्ष में मोड़ने और इंडिया गठबंधन को जिताने का महत्वपूर्ण चरण है। समाज को बांटने वाले नफरत भरे भाषण ध्यान भटका रहे हैं, इससे डरें नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप लोकतंत्र और हमारे अस्तित्व का आधार भारत के संविधान की रक्षा में हमारे सामूहिक उद्देश्य पर फोकस करें। लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में, आपने लोकतंत्र के लिए मतदान कर संविधान को निरंकुश ताकतों से बचाने का प्रयास किया। खड़गे ने कहा, हमारे प्यारे भारत में स्वतंत्रता, न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को फिर से जगाने की हमारी लड़ाई में ये सर्वोपरि हैं। मैं पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का हार्दिक स्वागत करता हूं जो बदलाव चाहते हैं। मतदान अवश्य करें और अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### केजरीवाल के पीए ने की स्वाति मालीवाल से मारपीट, पुलिस सीएम हाऊस पहुंची


**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव (पीए) बिभव कुमार पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोमवार सुबह 9:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल आया, जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि वे स्वाति बोल रही है और सीएम हाउस पर सीएम एवं उसके पीए ने उनकी पिटाई की है। इसके बाद दूसरी कॉल में सुधार कर कहा गया कि सीएम केजरीवाल के कहने पर उनके पीए बिभव ने उनकी यानी स्वाति मालीवाल की पिटाई की है। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची तब स्वाति मालीवाल ने बताया कि उसके साथ मारपीट हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्वाति ने अपना मेडिकल कराने से इंकार कर पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह बाद में इस बाबत लिखित में रिपोर्ट देंगी।

### गया में गांधीधाम एक्सप्रेस से टूटा 14 खम्भों का ट्रैक्शन तार, इंजन का पेंटो डैमेज



**पटना।** बिहार के गया जिले में एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। गया-कोडरमा रेल सेक्शन के पहाड़पुर स्टेशन के समीप सोमवार की सुबह गांधीधाम एक्सप्रेस के पेंटो (ट्रेन की छत पर लगा विद्युत उपकरण) में फंसकर 14 खम्भों का ट्रैक्शन तार टूट गया। घटना पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के होम सिंग्नल के पहले सुबह 5:55 बजे हुई। हादसे में गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन का पेंटो भी टूट गया। ट्रैक्शन तार टूटने से गया-कोडरमा रेलखंड के डाउन लाइन में पांच घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बंद रहा जबकि पेंटो के टूट जाने से गांधीधाम एक्सप्रेस करीब तीन घंटे तक घटनास्थल पर ही रुकी रही। घटना की सूचना मिलते ही तीन टावर वैगन के साथ रेल अधिकारी और कर्मी घटनास्थल पहुंचे और टूटे हुए तार को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। इस बीच वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बाधित परिचलान को शुरू किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का काशी में रोड शो, उमड़ा जनसैलाब



एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को काशी पहुंच रोड शो शुरु किया। उन्होंने रोड शो की शुरुआत बीएचयू गेट पर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। रोड शो 13 मई की शाम पांच बजे शुरू किया गया है। इस दौरान भारी जनसमूह पीएम मोदी को देखने उमड़ा है। यह रोड शो अस्सी घाट के रास्ते होते हुए गोदौलिया और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचेगा। जहां दर्शन-पूजन कर पीएम मोदी नामांकन भरने की तैयारी में लग जाएंगे। यह रोड शो 05 किमी के रास्ते को करीब 4 घंटे में तय करेगा। पीएम मोदी के रोड शो में भारी संख्या में लोग पहुंचे। रोड शो पर निकले पीएम मोदी का स्वागत करने मार्ग पर जगह-जगह विभिन्न समाज व वर्ग के मंच सजाए गए हैं। रोड शो के दौरान हर तरफ शंख और शहनाई की गूंज सुनाई दे रही है। पीएम मोदी के स्वागत में पुष्पवर्षा की गई और भगवामय माहौल बनाने लोगों ने भगवा रंग के वस्त्र पहने और हर हर महादेव के साथ ही हर हर मोदी के नारे लगाए। काशीवासियों ने रोड शो के दौरान गजब का उत्साह देखने को मिला है। रोड शो के दौरान पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया।

**कल दाखिल करेंगे नामांकन** : पीएम मोदी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे हैं। वह 14 मई मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले पीएम मोदी अस्सी घाट पर गंगा स्नान और काल भैरव के दर्शन करेंगे। इसके बाद वो बरेका गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद वो काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचेंगे। इसके बाद ही वो कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच नामांकन दाखिल करेंगे।

### सिख पगड़ी पहन गुरुद्वारा पहुंचे पीएम मोदी, खुद सेवा की लंगर में खाना परोसा



**पटना।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। रविवार जहां उन्होंने पटना में रोड शो किया था। इसके बाद सोमवार सुबह पटना के तख्त साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। इस मौके पीएम ने सिख पगड़ी पहनकर गुरुद्वारे में प्रवेश किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद सेवा भी की, जिसमें लंगर में लोगों को खाना परोसा। इसके साथ ही खुद भी लंगर का स्वाद चखा। तख्त श्री पटना साहिब को तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब के नाम से भी जाना जाता है, जो सिखों के पांच तख्तों में से एक है। गुरु गोविंद सिंह के जन्मस्थान के रूप में तख्त का निर्माण 18वीं शताब्दी में महाराजा रणजीत सिंह द्वारा कराया गया था। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का जन्म 1666 में पटना में हुआ था। उन्होंने आनंदपुर साहिब जाने से पहले अपने प्रारंभिक वर्ष यहीं बिताए थे। इसके पहले पीएम मोदी ने पटना में रोड शो किया था। पीएम मोदी बिहार में कहीं भी रोड शो करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री और राज्य भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद थे। पीएम मोदी ने कहा कि मां गंगा के तट पर बसी पाटलिपुत्र की यह धरती प्राचीन काल से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक के अनेक महत्वपूर्ण कालखंडों की गवाह रही है। राजग सरकार ''विरासत भी, विकास भी'' के मंत्र के साथ यहां की विरासत को संजोने-संवारने में जुटी है।

## महालक्ष्मी योजना गरीब महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि देश की महिलाएं वर्तमान में आसमान छूती महंगाई के कारण बड़े संकट से गुजर रही हैं। इस समय में कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना उनके लिए वरदान साबित होगी। श्रीमती सोनिया गांधी ने कहा, नमस्ते मेरी प्यारी बहनों, स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई से परेशान हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी।



### सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेटियां रहीं आगे, त्रिवेंद्रम जोन का रिजल्ट 99.91 प्रतिशत

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को कक्षा-10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर दिया। दोनों परीक्षाओं में बेटियां आगे रहीं। इस वर्ष कोई मेरिट सूची जारी नहीं की गई है। दोपहर से उमंग एप पर परीक्षार्थी अपना रिजल्ट देखते रहे। 12वीं बोर्ड परीक्षा में 16.21 लाख परीक्षार्थियों में से 14,26,420 (87.98 प्रतिशत) पास हुये हैं। अजमेर जोन का रिजल्ट 89.53 प्रतिशत रहा। सीबीएसई जोन में त्रिवेंद्रम जोन का रिजल्ट 99.91 प्रतिशत रहा जबकि सबसे कम भोपाल जोन का 82.46 प्रतिशत रहा। सीबीएसई के अनुसार, इस वर्ष 24 हजार विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से अधिक अंक मिले, जबकि 1.16 लाख विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंकों से पास हुये हैं। इस वर्ष 1.22 लाख को पूरक परीक्षा देनी होगी। इसमें वे एक विषय में अपना प्रदर्शन सुधार सकेंगे। 12वीं बोर्ड के रिजल्ट में 91.52 प्रतिशत छात्रायें एवं 85.12 प्रतिशत छात्र पास हुये हैं। इस वर्ष 12वीं बोर्ड के 18,417 स्कूलों से कुल 17 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हुये, जबकि 10वीं बोर्ड के 25724 स्कूलों से कुल 22.81 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हुये थे।

# रायबरेली मेरी दो माताओं की कर्मभूमि : राहुल

एजेंसी। रायबरेली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली के साथ अपने परिवार के रिश्तों को याद कर कहा कि यह उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा उनकी मां सोनिया गांधी की कर्मभूमि रही है, इसकारण वे यहां से चुनाव लड़ने आए हैं। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित किया थे। राहुल गांधी ने अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की मौजूदगी में उपस्थित लोगों को एकदम पारिवारिक माहौल में संबोधित कर कहा आप लोग मेरा परिवार हो और रायबरेली से हमारा रिश्ता सौ साल पुराना है। हमारे परदादा पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपना राजनीतिक जीवन रायबरेली में किसानों, मजदूरों के साथ शुरू किया था। राहुल ने सोनिया गांधी के साथ हुई बातचीत को साझा करते हुए कहा कि माँ वहां होती है, जो रास्ता दिखाती है, जो रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि उन्हें उनकी मां के साथ ही इंदिरा गांधी ने भी रास्ता दिखाया और उनकी रक्षा की। राहुल गांधी ने कहा, मैं आपसे यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मेरी दोनों माताओं की यह कर्मभूमि है, इसीलिए रायबरेली से चुनाव लड़ने आया हूं। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से इंदिरा गांधी 1967 और 1971 में निर्वाचित हुईं लेकिन आपातकाल के बाद 1977 में हुए चुनाव में वह समाजवादी नेता राजनारायण से पराजित हो गई थीं। 1999 में सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद निर्वाचित हुईं और 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी उन्होंने यह सीट बरकरार रखी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए राहुल गांधी ने कहा, यह चुनाव इस मायने में अजीब है क्योंकि पहली बार भाजपा और आरएसएस के लोग हमारे संविधान को नष्ट करने में लगे हैं। इनके नेताओं ने कहा है कि अगर हम चुनाव जीते तब संविधान को फाड़ दिया जाएगा। उन्होंने अपने हाथ में ली हुई एक किताब दिखाकर कहा कि हिंदुस्तान के कमजोर लोगों को जो भी उनके हक मिले हैं, वे इस किताब (संविधान की प्रति दिखाते हुए) की वजह से मिले हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, इस किताब के बिना जो सरकार होगी वह अडानी और अंबानी की सरकार होगी। आज जो आपकी थोड़ी भी हिफाजत है, वह खत्म होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री पर हमला कर कहा, ''नरेन्द्र मोदी जिन्हें चाहते हैं वे दो तीन लोग ही सरकार चलाएंगे और जैसे ही संविधान खत्म होगा रोजगार खत्म हो जाएगा।

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Dr. Sanjay Jaiswal, Dr. M P Jaiswal Path, Bettiah -845438.**
Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **DR. Sanjay Jaiswal** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACJM-III , Dhaka | Ghodasahan PS Case no. 165/2019 East Champaran dt. 12.05.2019 | Pending | U/s 147,149,341,323,295(A), 504,506, 171, (C) IPC &27 ARMS Act. Accused of creating illegal gathering, violence and spreading religious Frenzy during election. |
| 2 | ACJM-I , Kishanganj | Kishanganj PS 511/2019 dt 19/10/2019 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 3 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan PS 58/2017 East Champaran dt 18/02/2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 4 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jitna OP East Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |
| 5 | ACJM – I SC Motihari SC | Ghodasahan Jharokhar PS east Champaran 59/2017 dt 18.02.2017 | Pending | U/s 188 & 171(F) I.P.C. Allegation of violation of model code of conduct. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

# तेजप्रताप ने कार्यकर्ता को धक्का दिया, मीसा-राबड़ी ने किया बचाव

## पटना में बड़ी बेटी के नामांकन में पहुंचा था लालू परिवार

एजेंसी, पटना।

राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती के नामांकन में तेजप्रताप यादव को एक कार्यकर्ता पर गुस्सा आ गया। उन्होंने भरे मंच से उसे धक्का दे दिया। वो नीचे गिर गया। मीसा ने तेजप्रताप को समझाने की कोशिश, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद राबड़ी और मीसा मंच पर सामने आ गए और लोगों का ध्यान अपनी ओर करने लगे। तेजप्रताप फिर नहीं माने वे कार्यकर्ता की ओर गुस्से में दौड़े। मंच पर मौजूद नेताओं ने उन्हें रोका। इसके बाद तेजप्रताप और उस कार्यकर्ता को नेता घेरकर खड़े हो गए। कार्यकर्ता का नाम कमल देव प्रसाद उर्फ के डी यादव है। गलती से उसका पैर तेजप्रताप के पैर पर चढ़ गया। इसके बाद उन्हें गुस्सा आ गया और धक्का दे दिया। मीसा के नॉमिनेशन के बाद पटना के एसकेएम हॉल में सभा हो रही थी, जहां ये वाकया हुआ।



**तेजस्वी बोले- बीजेपी ने नीतीश को बंधक बना लिया:** इधर नामांकन सभा में तेजस्वी ने पीएम मोदी के रोड शो को लेकर नीतीश पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि रोड शो के दौरान ऐसा लगा कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को बंधक बना लिया था। वहीं, मीसा भारती ने कहा कि 10 वर्षों से देश पर पीएम राज कर रहे हैं। देश की जनता ने उन्हें दो बार मौका दिया। काम किया होता तो उन्हें कल रोड शो करने की जरूरत नहीं पड़ती।वो काम करते तो रोड शो की जरूरत नहीं पड़ती। नॉमिनेशन के लिए वो मां राबड़ी देवी और पिता लालू प्रसाद और भाई तेजप्रताप यादव के साथ तीसरी बार इस सीट से नामांकन करने हिंदी भवन पहुंची थीं। नामांकन से पहले मीसा ने मनेर विधानसभा में संत गगन बाबा की पूजा की। जिस पर कहा कि हिंदू धर्म और सनातन धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले अपने भगवान और ईष्ट देव की पूजा होती है और आज हमने भी संत गगन बाबा का आशीर्वाद लिया है। एसकेएमसीएच में आशीर्वाद कृष्ण मेमोरियल हॉल में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस सभा में शामिल होने पहुंचे हैं।

**रोड शो से लोगों को परेशानी हुई- मीसा:** मीसा भारती ने आगे कहा कि इस दौरे से महागठबंधन को फर्क नहीं पड़ने वाला है। सिर्फ हाथ हिलाने से और मीडिया में एक न्यूज बना देने से कोई फायदा नहीं हुआ है। इस रोड शो से बिहार की जनता को परेशानी ही हुई है। उन्होंने कहा कि इससे ना तो रोजगार मिलेगा ना ही महंगाई कम होगी।

**2 बार चुनाव हार चुकी हैं मीसा:** पाटलिपुत्र सीट पर मीसा भारती की टक्कर बीजेपी के रामकृपाल यादव से है। किसी जमाने में रामकृपाल यादव लालू यादव के काफी करीबी माने जाते थे। एक वक्त था जब रामकृपाल यादव और मीसा भारती को 'चाचा-भतीजी' के तौर पर देखा जाता था।

# मुंगेर-पटना प्रशासन के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत

## वोटरों को पोलिंग बूथ से भगाने का आरोप, मनोज झा बोले- वंचित और गरीबों को मतदान से दूर रखा

एजेंसी, पटना।



आरजेडी ने चुनाव आयोग से मुंगेर और पटना प्रशासन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्रशासन पर जदयू उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग कराने और वोटरों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। राज्यसभा सांसद मनोज झा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास को शिकायत पत्र सौंपा है।

**मतदान केंद्र से वोटरों को भगाया गया:** राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सूर्यगढ़ा, पटना जिला अंतर्गत मोकामा और पंडारक के बूथों पर शोषित, वंचित और गरीबों को मतदान केंद्र से दूर रखा। मकदान केंद्र पर कतार में लगे आरजेडी वोटरों को भगाया गया।

**मुख्य चुनाव आयोग से जांच की मांग:** जेडीयू पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आप कहते हैं कि बाबा साहेब के सपने को पूरा करना है, लेकिन हो क्या रहा है। आप हार रहे हैं। आपकी यह कोशिश है कि मार्जिन कम हो। आयोग का दावा है निष्पक्ष चुनाव कराने का है, क्या वो सिर्फ कागजों में ही है। मुख्य चुनाव आयोग से हमने जांच की मांग की है। चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा। सिर्फ यह कहूंगा कि आर्टिकल 334 को आयोग देख लें। इन्हें लगेगा कि जब मूल्यांकन होगा तब आयोग कटघरे में होगा।

**ललन सिंह के खिलाफ अनिता देवी को आरजेडी ने उतारा:** बता दें, मुंगेर संसदीय क्षेत्र से जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सीएम के करीबी ललन सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। ललन सिंह के खिलाफ आरजेडी ने अशोक महतो की पत्नी अनिता देवी को चुनाव मैदान में उतारा है।

# खैनी को लेकर विवाद में युवक को मारी गोली

एजेंसी, हाजीपुर।

वैशाली के महनार थाना क्षेत्र में अल्लीपुर चौक पर खैनी खाने के विवाद में एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। युवक को लोगों ने घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महनार में भर्ती कराया। जहां पर से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान लावापुर महनार निवासी उपेंद्र राय के 26 साल के बेटे संजय कुमार के रूप में की गई है। उसके बाएं हाथ में गोली लगी है। वहीं महनार थाना अध्यक्ष



- सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर, परिजनों ने कुछ भी बोलने से किया इनकार

विश्वरंजन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि घायल के परिजन कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे है।

# जगह-जगह बैरिकेडिंग होने से परेशानी, लगा रहा जाम

एजेंसी, पटना।

रोड शो से जहां लोगों में उत्साह रहा, वहीं ट्रैफिक में बदलाव से लगे जाम से हलकान भी रहे। ज्यादा परेशानी रेलयात्रियों को हुई। प्रशासन ने पटना जंक्शन पर करबिगहिया छोर से ही जाने की अनुमति दी थी। इस वजह से तीन बजे के बाद वहां जाम की स्थिति बनी रही। राजेंद्रनगर टर्मिनल से करबिगहिया तक जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। हर एक किमी पर रूट डायवर्ट था। इससे ज्यादा परेशानी हुई। नतीजतन राजेंद्रनगर फ्लाईओवर से कंकड़बाग फ्लाईओवर और इसके नीचे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सबसे ज्यादा जाम करबिगहिया छोर पर ही था। संपूर्ण क्रांति, राजधानी एक्सप्रेस का समय शाम में ही है। यात्री अपने घर से दो-तीन घंटा पहले ही निकले थे, पर चिरैयाटांड़ पुल पर जाम था। इधर, बेली रोड को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर ट्रैफिक रोक दिया गया था। सगुना मोड़ से आशियाना मोड़ तक स्थित सभी फ्लाईओवर पर जाम था। नीचे भी यही स्थिति थी। डुमरा चौकी के पास बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। लोगों को आशियाना मोड़ से घूमकर आने को मजबूर होना पड़ा।

**यात्री 4 घंटे पहले ही पहुंच गए एयरपोर्ट:** उधर, यात्री चार-पांच घंटे पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गए ताकि जाम का सामना नहीं करना पड़े। जिन यात्रियों की फ्लाइट शाम में थी वे दोपहर में ही पहुंच गए थे। रोड शो के बाद भी शहर के हर इलाके में करीब एक घंटा तक जाम रहा। रात नौ बजे के बाद वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, कैमरे और दूरबीन से हो रही थी निगहबानी रोड शो को लेकर एक सप्ताह से पुलिस और जिला प्रशासन की टीम लगी हुई थी। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, सेंट्रल रेंज की आईजी गरिमा मलिक, एसएसपी राजीव मिश्रा, डीएम शीर्षत कपिल अशोक, सेंट्रल एसपी चंद्रप्रकाश, ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी, ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार समेत सभी अधिकारी लगे हुए थे।



# महागठबंधन ने पीएम के रोड शो को बताया फ्लॉप

- दीपांकर भट्टाचार्य बोले- मोदी फैक्टर अब काम नहीं कर रहा
- RJD ने कहा- चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा

एजेंसी, पटना।

पटना में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो को महागठबंधन ने फ्लॉप बताया है। भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि अब तक संपन्न हो चुके तीन चरण के चुनाव में हार की हताशा पीएम के चेहरे पर साफ नजर आ रही है। रोड शो में बाहर से भीड़ जुटाकर एक कृत्रिम उत्साह पैदा करने की कोशिश गई, लेकिन वह कोशिश भी बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। कहीं कोई मोदी फैक्टर अब काम नहीं कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि रोड शो के नाम पर शहरी गरीबों को पिछले एक हफ्ते से लगातार परेशान किया गया। रोजी-रोजगार इस इवेंट मैनेजमेंट की भेंट चढ़ गया। भाजपा को इसकी चिंता नहीं है। आम जनता भी आज काफी परेशान रही। पूरा पटना शहर अस्त-व्यस्त रहा। मोदी का जाना अब तय है। देश और बिहार की जनता इस जनविरोधी तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का पूरा मन बना चुकी है।

**बेइज्जती से बचने के लिए संकरी रोड का चयन किया:** आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 'जॉब शो' की मजबूरी में पटना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'रोड शो' हुआ। जो 'फ्लॉप शो' बनकर रह गया। भाजपा नेताओं को पहले से ही इसका अनुमान था। इसलिए बार-बार रोड शो के रुट को बदला गया। बेइज्जती से बचने के लिए जानबूझकर संकरी रोड का चयन किया गया। 'रोड शो' केवल इवेंट मैनेजमेंट बनकर रह गया। 'रोड शो' के नाम पर पिछले कई दिनों से परेशानियों का सामना कर रहे लोगों के बीच काफी आक्रोश और नाराजगी है। जिसका असर चुनाव के दिन दिखाई पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने रोड शो करके भाजपा उम्मीदवारों के हार के फासले को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है।

**पटना के मेयर का अपमान:** वहीं, कांग्रेस नेता मंजीत आनंद साहू ने कहा कि पीएम मोदी के रोड शो में मुख्य वाहन पर पटना की मेयर सीता साहू नहीं थी। भाजपा नेता के साथ-साथ नगर की प्रथम नागरिक हैं, महिला हैं। यह उपेक्षा बिहार के संपूर्ण साहू-तेली, वैश्य-अतिपिछड़े समाज का घोर अपमान नहीं तो और क्या है? यह भाजपा और मोदी जी के महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।



# सुल्तानपुर खेल मैदान में क्रिकेट टी-20 मैच का आयोजन

एजेंसी, नालंदा।

नालंदा के एकंगरसराय प्रखंड के केशोपुर पंचायत अंतर्गत सुल्तानपुर खेल मैदान में टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन समाजसेवी नीतीश कुमार के नेतृत्व में की गई। इस मैच में नालंदा ,जहानाबाद व पटना जिले के दो दर्जन से अधिक टीम ने हिस्सा ले रही है। उद्घाटन मैच, क्रिकेट क्लब चंदापुर नालंदा बनाम क्रिकेट क्लब पिरोघा जहानाबाद के बीच खेला गया। इसमें चंदापुर की टीम ने पिरोघा की टीम को 08 विकेट से पराजित कर दिया। क्रिकेट क्लब पिरोघा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 09 विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाया। जबाब में चंदापुर की टीम ने 07 ओवर में 02 विकेट खोकर मैच जीत लिया। चंदापुर के खिलाड़ी पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। पंकज कुमार ने गेंदबाजी में जहां तीन विकेट झटके तो वहीं बल्लेबाजी में अपनी टीम के लिए 22 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच का उद्घाटन स्टेट रेफरी व खिलाड़ी कुणाल बनर्जी, दिलीप कुमार, निशांत गौरव, दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि स्टेट रेफरी और खिलाड़ी कुणाल बनर्जी ने कहा कि समाजसेवी नीतीश कुमार द्वारा क्रिकेट मैच कराया जा रहा है।



# मां की मौत के बाद भी नहीं हारी हिम्मत 94.44% मार्क्स लाकर साइंस में स्कूल टॉपर बनीं पटना की अनुष्का

एजेंसी, पटना।

सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। पटना की अनुष्का शर्मा साइंस विषय में 94.44% अंक हासिल कर मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल की टॉपर बनी हैं। भास्कर से बातचीत में अनुष्का ने बताया कि 7 जून 2023 को बीमारी की चलते मां का निधन हो गया था। फिर भी अपनी पढ़ाई जारी रखी। पिता के सपनों को पूरा करना है। उनके पिता संतोष कुमार व्यापार करते हैं।

**इंजीनियर बनने का है सपना:** बड़ी बहन कानपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं, जबकि छोटा भाई 9वीं क्लास में पढ़ता है। अनुष्का ने बताया कि मैट्रिक की पढ़ाई भी मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल से की थी। उनका इंजीनियर बनने का सपना है, इसलिए साइंस विषय को चुना है। डाटा एनालिसिस का भी शौक है।

**सेल्फी स्टडी पर करना चाहिए फोकस:** आज के जमाने में छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस बनना चाहती हैं। इस सवाल पर कहा कि यूपीएससी की तैयारी ग्रेजुएशन के बाद किया जा सकता है। बहुत सारे छात्र-छात्राएं जेई करने के बाद भी आईएएस-आईपीएस बनते हैं। अनुष्का ने आगे कहा कि एनसीईआरटी की बुक पढ़ाई के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। एग्जाम से पहले 12 से 13 घंटे प्रतिदिन सेल्फ स्टडी करती थी। सेल्फ स्टडी पर ही छात्रों को ज्यादा फोकस करना चाहिए।

**मैं एक दिन छोड़कर पढ़ाई करता था- पार्थ अग्रवाल:** बीडी पब्लिक स्कूल में पार्थ अग्रवाल ने कॉमर्स संकाय में टॉप किया है। कदमकुआं के रहने वाले पार्थ ने 93.6% अंक हासिल किया है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि रेगुलर पढ़ने की जरूरत नहीं है, लेकिन आप जितनी देर भी पढ़ाई करें, उसमें अपना बेस्ट दें। मैं हर रोज नहीं पढ़ता था। एक दिन छोड़कर 3 से 4 दिन पढ़ाई करता था। किसी भी रेफरेंस बुक का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि NCERT की किताबों पर ही फोकस किया। मैंने कोई कोचिंग नहीं ली। सेल्फ स्टडी और स्कूल की पढ़ाई से ही सफलता मिली है।



**कोचिंग की मदद नहीं ली- जरीन:** संत माइकल हाई स्कूल की छात्रा जरीन ने आर्ट्स स्ट्रीम में 98.4% मार्क्स हासिल किया है। जरीन ने बताया कि उनके पिता इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में एरिया हेड हैं। मां महनाज इंग्लिश टीचर हैं। शुरू से ही आर्ट्स और कंप्यूटर में रूची रही है। एनसीईआरटी किताबों पर ज्यादा भरोसा किय। स्कूल में ठीक से पढ़ाई की। सेल्फ स्टडी पर फोकस किया, कभी किसी कोचिंग की मदद नहीं ली।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 मई को मनेगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**पटना।** प्रत्येक वर्ष 16 मई को डेंगू की रोकथाम के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस बाबत अपर निदेशक-सह-राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार ने राज्य के सभी सिविल सर्जन, सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और सभी वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया है। जिला स्तर पर जन जागरुकता के लिए कैंपेन मोड में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### थानों में खुला गुंडा रजिस्टर, बदमाशों की कराई गई परेड

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को पटना जिले के सभी थानों में गुंडा परेड कराई गई। हर थाने में एक गुंडा रजिस्टर भी खुल गया है। इस रजिस्टर में संबंधित थाने के अपराधियों और बदमाशों की सूची है। ये चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी न करें, इसके लिए थानों में इनकी परेड कराई गई। इन बदमाशों पर पुलिस को शक है कि ये लोग मतदाताओं को डरा-धमका सकते हैं या समाज में अशांति फैला सकते हैं। ये किसी ने किसी संगीन आपराधिक कांड के आरोपी रह चुके हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष ने उन्हें चुनाव में आम नागरिक की तरह रहने का निर्देश दिया और बताया कि उन पर पुलिस की नजर है। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी करते पाए गए तो उनपर केस दर्ज होगा।

### दानापुर से सिटी तक रेल लाइन की बाउंड्री होगी

**पटना।** शहर के रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। इसके लिए रेललाइन की दोनों तरफ करीब 10 फीट ऊंची बाउंड्री का निर्माण होगा। दानापुर रेलमंडल द्वारा शिवाला पर से दानापुर स्टेशन होते पटना जंक्शन से राजेंद्रनगर टर्मिनल से पटना सिटी तक करीब 16 किमी रेललाइन की दोनों तरफ बाउंड्री की जाएगी। इसके अलावा पाटलिपुत्र जंक्शन की दोनों तरफ भी बाउंड्री का निर्माण होगा। बाउंड्री निर्माण की शुरुआत दानापुर स्टेशन से शिवाला के बीच होने लगी है। नवंबर तक फुलवारी स्टेशन तक बाउंड्री का निर्माण पूरा हो जाएगा। अभी यात्री या अन्य लोग पैदल ही पटरी पर चलकर सड़क पार करते हैं। साथ ही यात्री भी पटरी पर पैदल चलकर प्लेटफॉर्म पर पहुंचते हैं। बाउंड्री नहीं होने के कारण लोग आर ब्लॉक से पटरी पर पैदल चल कर पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म पर पहुंच जाते हैं। इधर सिपारा से भी लोग पहुंचते हैं। चिरैयाटांड़ के आरओबी के नीचे से आ जाते हैं। लोग हर तरफ से आना-जाना करते हैं। बाउंड्री का निर्माण होने के बाद आमलोगों की असुरक्षित आवाजाही के साथ-साथ असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगेगा। पटना जंक्शन, दानापुर स्टेशन, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पटना साहिब और पाटलिपुत्र जंक्शन पर बाउंड्री निर्माण होने के बाद दो मुख्य द्वार से यात्रियों आना-जाना कर सकेंगे। इन स्टेशनों पर लोग अवैध तरीके से आते-जाते हैं। वैसे रास्ते बंद हो जाएंगे। बाउंड्री होने के बाद आरपीएफ और जीआरपी सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर कर सकेगी।

### रिजर्व ऑटो पर चिपकेगा विशेष कोड, यात्री से लूटपाट होने पर पहचान होगी

**पटना।** ऑटो में बिठाकर यात्रियों से लूटपाट की घटनाओं से अच्छे चालक परेशान हैं। ऑटो चालकों के प्रति यात्रियों का विश्वास खत्म होता जा रहा है। अब इसपर नियंत्रण करने के लिए हर रिजर्व ऑटो पर विशेष कोड लगेगा। इस कोड के माध्यम से पुलिस आसानी से अपराधी को पकड़ सकेगी। इसको लेकर पटना जिला ऑटो रिक्शा चालक संघ द्वारा पटना जंक्शन से रिजर्व में चलने वाले चालकों की बैठक रविवार को राज कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व ऑटो चालक के वेश में लगातार यात्रियों को निशाना बना रहे हैं। संगठन लगातार ऐसे लोगों की पहचान करने के प्रयास में लगा है। कोतवाली डीएसपी के निर्देशानुसार संगठन द्वारा पटना जंक्शन से रिजर्व चलने वाले चालकों का एकबार फिर से वेरिफिकेशन करके विशेष कोड दिया जा रहा है। गाड़ी मालिक और ड्राइवर का स्थायी और अस्थायी पता लिया जा रहा है। कोड बताने पर चालक और मालिक का पता तुरंत लग जाएगा।

### खेतों को समतल करने के लिए लेजर लैंड लेवलर मशीन का उपयोग करें किसान

**सिसवा।** पहाड़पुर प्रखंड के परसौनी स्थित केवीके के मृदा विशेषज्ञ डॉ. आशीष राय ने बताया कि जमीन से अच्छी पैदावार लेने के लिए खेतों का समतल होना बहुत जरूरी है। जमीन की असम तलता, मृदा में नमी एवं पोषक तत्वों के वितरण को प्रभावित करती है। जिससे बीज के अंकुरण और फसल की उपज प्रभावित होती है। खेती लायक भूमि समतल होने से किसानों को काफी लाभ होगा। समतल भूमि पर खेती करने से खेती की लागत कम होने के साथ समय की भी बचत होती है। खेती लायक भूमि एक बार समतल हो जाने के बाद फसल बोने, उर्वरक व पानी देने आदि कार्यों में काफी लाभ मिलेगा। खेती के अन्य आधुनिक मशीनों की तरह भूमि समतलीकरण के लिए भी लेजर लैंड लेवलर मशीनें आ चुकी है। यह परंपरागत विधियों से एकदम हटकर एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसमें लेजर में लगे किरणों के द्वारा लेवलर को अपने आप नियंत्रित करके भूमि को बराबर मात्रा में समतल कर देते हैं। लेजर लैंड लेवलर मशीन में लेजर ट्रांसमीटर, कंट्रोल रिसीवर, नियंत्रण इकाई, स्क्रैपर, हाइड्रोलिक नियंत्रण इकाई आदि होते हैं। सिंचाई में जल की लगभग 30 से 35 प्रतिशत तक की बचत होती है। भूमि समतल हो जाने से आधुनिक कृषि उपकरण जैसे जीरो टिलेज, हैप्पी सीडर, मल्टी क्रॉप प्लांटर इत्यादि का प्रदर्शन भी अच्छा होता है। फसलों की पैदावार एक समान तथा 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती है। स्टैंड एवं लेजर ट्रांसमीटर को पैरों के बीच या बाग में सेट नहीं करना चाहिए। लेजर ट्रांसमीटर को बिजली के तार के नीचे नहीं सेट करना चाहिए। कोहरा होने पर लेजर ट्रांसमीटर सही से कार्य नहीं करता है। डा राय ने बताया कि यह मशीन कस्टम हायरिंग सेंटर के अंतर्गत किसानों के लिए किराये पर उपलब्ध है। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी में संपर्क कर सकते हैं। गहरी व बारीक जुताई करने के बाद करें प्रयोग केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि अभियंत्रण डॉ. अंशू गंगवार ने बताया कि इस यंत्र का प्रयोग करने से पहले यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खेत की गहरी व बारीक जुताई कर ली जाए तथा खेत में 5% नमी होनी चाहिए। खेत में खरपतवार एवं फसल के अवशेष या घास आदि नहीं होना चाहिए। इस मशीन के संचालन के लिए 50-60 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर की आवश्यकता पड़ती है। एक एकड़ भूमि को समतल बनाने के लिए लगभग ढाई से तीन घंटे का समय लगता है। यदि भूमि काफी ऊबड़-खाबड़ है तो इससे अधिक समय भी लग जाता है।

### मॉर्निंग वॉक के लिए निकले ठेकेदार को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक ठेकेदार को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुटी गई। घटना जिले सकरा थाना क्षेत्र के मछही गांव की है। जहां मनोज राय घर से वॉक करने निकले थे। इस दौरान अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि मनोज राय अपने घर से प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर निकलते हैं। इस दौरान आज भी निकले थे। तभी एक बाइक सवार दो अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। जिसके बाद वे मौके पर घायल होकर गिर गए। सकरा थाना अध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को गोली लगी है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।




Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **NAFISH AHMAD,** Ward No.-6 Naniyar Toll Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Nafish Ahmad** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Kishor Gaurav JM 1st Bettiah , West Champaran | 559/2020 kali bagh OP Bettiah Town West Champaran | Wair for Cognizance | U/S ,323,341,324,325,279, IPC Assault and Injured |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

## संक्षिप्त समाचार

### आर्कटिक व हिमालय पर हुए शोध को समझेंगे छात्र

**भागलपुर।** भागलपुर सीबीएसई ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की जानकारी देने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम में नए विषय को जोड़ने का निर्णय लिया है। सीबीएसई के अनुसार हाईस्कूल के विद्यार्थियों को आर्कटिक, अंटार्कटिका और हिमालय पर हुए अनुसंधान में भारत के विकास की बारीकियों को समझाया जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को आर्कटिक और हिमालय क्षेत्र में चल रहे शोध का उल्लेख रहेगा। स्कूल के बच्चों को पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास को शामिल करने के लिए एनसीईआरटी का भी सहयोग लिया जाएगा। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भी स्कूली पाठ्यक्रम में इन क्षेत्रों में अनुसंधान के महत्व को समझाने के एनसीईआरटी से सहयोग मांगा है। इसके लिए एनसीईआरटी की ओर से समिति का गठन कर पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने वाले विषय को अंतिम रूप दिया जाएगा। कोरोना महामारी के दौरान विद्यार्थियों पर से पढ़ाई का बोझ कम करने के लिए चैप्टर को हटाए गए थे। इस सत्र से स्कूली पाठ्यपुस्तकों में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के बारे में विद्यार्थियों को नई जानकारी और इस क्षेत्र में हुए शोध से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। सीबीएसई के अनुसार, स्कूली बच्चों में पर्यावरण से जुड़ी नई जानकारी और इसके सरंक्षण के विभिन्न माध्यम को बताने के लिए भी पाठ्यक्रम में नए विषय जोड़े जाएंगे। साथ ही पृथ्वी विज्ञान के नवीनतम विकास को शामिल किया जाएगा।

### बाल विवाह को खत्म कर बेहतर समाज का निर्माण करें

**भागलपुर।** मातृ दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था के सदस्यों ने रविवार को अलग-अलग इलाके में परिचर्चा का आयोजन किया। जनप्रिय संस्था के सदस्यों ने परबत्ती में बाल विवाह, स्वास्थ्य और सामाजिक प्रभाव विषय पर परिचर्चा आयोजित किया। जनप्रिय के निदेशक गौतम कुमार ने कहा कि बाल विवाह बचपन खत्म कर देता है। यह कुप्रथा समाज की जड़ो तक फैली है, बुराई, लैंगिक असमानता, भेदभाव का ज्वलंत उदाहरण हैं। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अमरीना सेराज ने कहा कि बाल विवाह से किशोरियों में गर्वावस्था की समस्याएं, लिंग आधारित हिंसा और यौन संचारित संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। महिला समिति की संयोजक रेखा कुमारी ने कहा बाल विवाह जैसे कुप्रथा को खत्म करके ही एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते है। मौके पर साधना देवी, पिरामल फाउंडेशन के आजाद सोहेल, डॉ. जयंत जलद, सुमन देवी, राजा सागर निषाद, पिंकी देवी, लालो देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर चंदन कुमार, लाल बिहारी शर्मा, श्रवण कुमार ने भी कविता का पाठ किया।

### सीताचरण गांव के मतदान केंद्र संख्या 12 पर गंगा नदी को पार कर गई पोलिंग पार्टी

**मुंगेर।** मुंगेर मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में आज 13 मई को मतदान होना है। जिसे लेकर रविवार को जिला के 2029 बूथों पर जिला मुख्यालय स्थित वज्रगृह केंद्र डीजे कॉलेज से ईवीएम को लेकर पोलिंग पार्टी और पुलिस जवान अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। जिला के सभी बूथों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा, जो कि शाम 6 बजे तक होगा। इसके बाद सभी ईवीएम को सील कर पूरी सुरक्षा के साथ वज्रगृह केंद्र तक लाया जाएगा। इसमें से मुंगेर विधानसभा क्षेत्र का एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहां पोलिंग पार्टी और पुलिसकर्मियों को गंगा की तेजधार के बीच पार करना पड़ा, तब जाकर दियारा क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचे। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जाफर नगर पंचायत के सीताचरण गांव में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र को बूथ संख्या 12 बनाया गया है। इस मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी और पुलिस जवानों को गंगा पार कराया गया। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर दो मोटरबोट और लाइफ जैकेट के साथ एसडीआरएफ टीम को लगाया गया था।

### तीन वर्ष बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज

**मुंगेर।** ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुरू होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी कम हो गई है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि 26 वर्षीय खिलाड़ी तीन वर्ष बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। उस दौरान लोगों में खासा उत्साह भी दिखा।

### पीरपैंती में खाना बनाने के दौरान लगी आग, तीन घर जल कर राख

**पीरपैंती।** प्रखंड की बंधुजयराम पंचायत के गोविंदपुर गांव में रविवार को खाना बनाने के दौरान मो. सज्जाद के घर में आग लग गई। इस घटना में मो. सज्जाद के अलावा मो. आजाद और मो. रब्बिल के घर तथा उसमें रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। आग की लपटें देख ग्रामीण जुट और मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। मो. सज्जाद ने बताया कि इस घटना में घर में रखे सिलाई मशीन, पंखे और 10 हजार रुपए जल कर राख हो गए। वहीं अन्य दो लोगों को काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पाकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बासुकी साह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। उन्होंने तत्काल पीड़ितों को सूखा राशन उपलब्ध कराया। सूचना अंचल प्रशासन और थाना को दी। सूचना पर हल्का कर्मचारी बीरेंद्र कुमार पहुंचे और क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की। बताया गया कि पीड़ित परिवारों को सहायता राशि दी जाएगी।

### पीरपैंती में रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव, नहीं हुई पहचान

**पीरपैंती।** शिवनारायणपुर-पीरपैंती रेलखंड के बीच पोल संख्या 256/6 के पास रविवार को चांदपुर गांव के समीप डाउन ट्रैक पर करीब 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का क्षत-विक्षत शव पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एसआई राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भिजवा दिया। विक्षत शव था। मृतक धोती और गंजी पहने हुए था। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद भी पहचान नहीं हुई तो अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

### मैदान में 12 उम्मीदवार, 11 पुरुष तो एक महिला प्रत्याशी

**मुंगेर।** मुंगेर/लखीसराय मुंगेर लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान होगा। इस बार 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिसमें 11 पुरुष और एक महिला उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें एनडीए से जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और इंडी गठबंधन की राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। जिले के 20 लाख 34 हजार 612 मतदाता इनके भाग्य का फैसला करेंगे। जिसमें 29890 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। मुंगेर लोकसभा सीट के तहत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, मोकामा और बाढ़ विधानसभा क्षेत्र हैं। अभी इनमें से एक विधानसभा क्षेत्र जमालपुर में इंडिया गठबंधन का कब्जा है। बांकी पांच पर एनडीए के विधायक या उसे समर्थन देने वाले विधायक काबिज हैं। बता दें कि मुंगेर लोक सभा में पूर्व में तीन विधान सभा पर एनडीए तो तीन पर महागठबंधन का कब्जा था। मगर सूर्यगढ़ा और मोकामा के राजद विधायक के पाला बदल लेने से अब इंडिया गठबंधन के पाले में एक ही सीट रह गई। अब इस बार देखना दिलचस्प होगा कि किस गठबंधन को नफा और किसको नुकसान होगा। यह मुंगेर लोक सभा क्षेत्र के करीब 20.34 लाख मतदाता तय करेंगे और परिणाम 04 जून को पता चलेगा। 2019 में मुंगेर लोक सभा चुनाव से जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह विजयी रहे थे। उन्हें 51.51% यानी 528762 मत मिले थे। जबकि कांग्रेस की नीलम देवी को 35.15% यानी 360825 मत मिले थे।

# बूथ संख्या 304 पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प, SHO-चौकीदार समेत कई ग्रामीण जख्मी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के बहिरामा मतदान केंद्र संख्या -304 पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इसमें हलसी थानाध्यक्ष विजय कुमार, एक चौकीदार समेत कुछ ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जानकारी मिलने के बाद डीएम और एसपी रवाना हो गए हैं। वहीं, शाम 3 बजे तक मुंगेर में 43.55% मतदान हुआ है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बूथ संख्या - 190 पर मतदान किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को मतदान करना चाहिए। वहीं, मुंगेर लोकसभा के मतदान केंद्र संख्या 312 पर धूप की वजह से एक भी मतदाता नहीं दिखे हैं। इस वजह से मतदान केंद्र पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखा। पुलिसकर्मी भी सोते हुए नजर आए।

**पर्ची नहीं मिलने को लेकर विवादः** वहीं, मतदान केंद्र संख्या 145, 146 पर मतदान शुरू हो गया है। यहां असमाजिक तत्वों ने पथराव किया था। बीएलओ की ओर से पर्ची नहीं दिए जाने के कारण लोगों में नाराजगी थी। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। मौके पर से दो युवक को हिरासत में लिया गया है। इधर, दोपहर 1 बजे तक 35.09% वोटिंग हुई है। यहां के मतदान केंद्र संख्या 196 पर मुंगेर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रणव कुमार पत्नी के साथ मतदान करने के लिए पहुंचे।

**7 बजे शुरू हुआ मतदानः** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हॉट सीट मुंगेर में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। मुंगेर में एक पिठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने पुष्टि की है। 6 विधानसभा मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बाढ़ और



मोकामा में वोटिंग को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सूर्यगढ़ विधानसभा में आने वाले 109 बूथों पर शाम 4 बजे तक ही वोटिंग होगी। इन बूथों को नक्सल प्रभावित माना गया है। यहां एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह और महागठबंधन से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता महतो के बीच सीधी टक्कर है। चुनाव के बीच पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

**20,41142 वोटर्स करेंगे फैसलाः** मुंगेर लोकसभा सीट चुनाव को लेकर कुल 20,41142 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या 1082239 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 958851है। वहीं पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 29890 है। मुंगेर में कुल 2029 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 119 बूथों को संवेदनशील बताया गया है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** लोकसभा चुनाव को लेकर मुंगेर पुलिस एक्टिव मोड में है। जिला के शहरी, दियारा और ग्रामीण क्षेत्र के अलावा गंगा नदी और जंगली इलाकों में पुलिस की चौकसी कर रही है। मतदान शांतिपूर्ण हो इसे लेकर पुलिस ने मास्टर प्लान के तहत अर्धसैनिक बल के अलावे सीआरपीएफ एसएसबी और जिला बल पुलिस के तैनाती की गई है।

**जंगली इलाकों में ड्रोन से निगरानीः** जंगली इलाकों में अर्धसैनिकों बलों की तैनाती के साथ ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। वहीं दियारा इलाके में घुड़सवार पुलिस बल को लगाया गया है। गंगा में हेमजापुर से लेकर घोरघट तक एसडीआरफ के साथ पुलिस जवानों गश्ती करेंगे। सभी क्लस्टर पॉइंट पर क्यूआरटी टीम को लगाया गया है। नक्सल इलाके के सभी बूथों पर जिला पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों को लगाया गया है। जंगल में चार ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। इसके अलावे ड्रोन टेक टीम, एआरजी टीम जमालपुर एवं चीता-14 करेली के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे।

**12 प्रत्याशी मैदान में, जिसमें 7 निर्दलीयः** मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में इस बार 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन मुख्य रूप से मुकाबला एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह और महागठबंधन की तरफ से अशोक महतो की पत्नी अनीता महतो के बीच माना जा रहा है। चुनाव के बीच पूर्व विधायक ललन सिंह की एंट्री से मुंगर सीट का मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

## किराना दुकानदार ने फंदे से लटक की आत्महत्या

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के तातारपुर थाना क्षेत्र के दरगाह रोड में रविवार की देर रात किराना दुकानदार ने किचन में लगे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। खाना बनाने का बहाना बनाकर वे किचन में गए थे। काफी देर तक जब किराना दुकान पर वापस नहीं लौटे तो पत्नी ने खोजबीन शुरू की। पत्नी जैसे ही किचन में घुसी तो फंदे से लटका देखा। इसके बाद परिजनों की मदद से मायागंज अस्पताल ले जाया गया। यहां पर डॉक्टर से मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान राजेंद्र प्रसाद शाह के बेटे विकास कुमार शाह (42) रूप में हुई है। मृतक विकास करीब 7 साल पहले कोलकाता में एक प्राइवेट नौकरी करता था। वहां एक लड़की से प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों के परिजनों की सहमति से 4 साल पहले शादी कराई गई। दपंती को एक पुत्र, एक पुत्री भी है।

**मां पिता से अलग रहता था विकासः** विकास मां पिता से अलग रहता था। किराना दुकान चला कर घर का भरण-पोषण करता था। मृतक के पिता राजेंद्र शाह ने बताया कि रोज करीब 5:00 बजे विकास दुकान पर बैठता था। रविवार को घर के पंखे का कंडेनसर बदलवाना था। जिसको लेकर विकास की दुकान पर गए थे। शाम में विकास दुकान पर नहीं दिखा तो पोते व्योम से पूछा तो उसने खाना खाने की जानकारी दी। मैने विकास के कमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर कोई नहीं मिला। कुछ देर बाद पत्नी ने दरवाजा खोल कर देखा तो विकास का शव पंखे से लटक रहा था। घटना की जानकारी अन्य स्वजनों को दी गई। खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम के बात समझ में नहीं आ रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने सहारा वृद्धाश्रम में मनाया मदर्स-डे

निज संवाददाता। भागलपुर

मारवाड़ी युवा मंच ने सहारा वृद्धाआश्रम में रह रही माताओं के साथ मदर्स-डे मनाया। परिवार से दूर अकेले जीवन यापन कर रही माताओं का सम्मान किया गया। सदस्यों ने सभी वृद्ध माताओं को अपने हाथों से बने इडली, सांभर, चटनी, मिठाई, नमकीन, जूस दिया। मातृदिवस पर वृद्ध माताओं ने केक भी काटी। सभी को उपहार स्वरुप साड़ी दिया गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के विकास खांडेलिया, अश्विनी खटोड़,अध्यक्ष सोनम खटोड़, ऋषिका मावंडिया, नूतन छापोलिका,अर्चना मावनंडिया, निधि राजगड़िया, निकिता सूचन्ति, रूबी बाजोरिया, स्वाति अग्रवाल, शगुन सिंघानिया, बुलबुल खेमका, अंजलि शर्मा मौजूद थी।



**आज सभी माताओं का दिन हैः रूपा रानीः** कंपनीबाग स्थित किलकारी बिहार बाल भवन में मातृ दिवस मनाया गया। 243 माताएं व 563 बच्चों ने भागीदारी ली।

## कृषि विश्वविद्यालय सबौर में जागरूकता कार्यक्रम का समापन, भागलपुर में कंपोस्ट बायोगैस उत्पादन पर हो रहा था विचार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के नेचर क्लब द्वारा संचालित मिशन लाइफ अभियान के तहत पर्यावरण जागरूकता का साप्ताहिक कार्यक्रम के लिए 6 से 12 मई, 2024 के दौरान आयोजित कंपोस्ट बायोगैस उत्पादन पर विचार हेक्थ्न पर एक सप्ताह के जागरूकता कार्यक्रम का समापन रविवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के मिनी सभागार में किया गया। सत्र की अध्यक्षता डॉ आर के सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा अभियान सभा ने की। समापन सत्र के दौरान कुल सचिव डॉ एम हक, प्राचार्य, बिहार कृषि महाविद्यालय डॉ एस एन राय तथा अध्यक्ष, पादप कार्यिकी एवं जैव रसायन डॉ संजय कुमार उपस्थित थे। इस, कार्यक्रम में विश्वविद्याल के तीन महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित हुए। डॉ सोहने ने कहा को छात्रों को मिशन लाइफ के सात उद्देश्यों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रावास की रसोई से अपशिष्ट पदार्थ का पुनः उपयोग कर खाद एवं बायोगैस उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात को स्पष्ट रूप से कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए एवं केवल बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का ही उपयोग होना चाहिए। मंच पर



उपस्थित सम्मानित जनों ने आने वाली पीढ़ी की भलाई के लिए पर्यावरण को संरक्षण पर अपने दृष्टिकोण और विचार व्यक्त किये । इससे पहले मिशन लाइव कार्यक्रम के पांचवें दिन विश्वविद्यालय के नव निर्मित लेक्चर थिएटर में यूजी के छात्रों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

**निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजनः** प्रतियोगिता दोपहर 3:00 बजे शुरू हुई। निबंध प्रतियोगिता का विषय मृदा अपरदन, मरुस्थलीकरण एवं भूमि पुनर्जन था । उक्त प्रतियोगिता में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान महाविद्यालय तथा कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, सबौर के 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिताओं के लिए गठित निर्णायक समितियां ने मौके पर ही परिणाम संकलित किया। कार्यक्रम के छठे दिन बी ए यू, सबौर के नवनिर्मित लेक्चर थिएटर में भागलपुर के विभिन स्कूल के बचों के लिए भाषण, फोटोग्राफी, स्लोगन, निबंध लेखन, मॉडल तथा पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताएं 11 मई से शुरू हुई। सभी प्रतियोगिताओं का विषय मिट्टी का कटाव, मरुस्थलीकरण और भूमि बहाली के इर्द गिर्द था। भागलपुर के नौ अलग-अलग स्कूलों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया था

## मतदान के दौरान पीठासीन पदाधिकारी की हार्ट अटैक से मौत, पत्नी बोली- दिल की बीमारी के बाद भी लगाई ड्यूटी

निज संवाददाता। मुंगेर

लोकसभा के चौथे चरण में मुंगेर में वोटिंग हो रही है। मतदान के बीच एक पीठासीन अधिकारी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि हार्ट अटैक की वजह पीठासीन अधिकारी ओमकार कुमार चौधरी की मौत हो गई। घटना बूथ संख्या 210 की है। मृतक की पहचान टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के छोटकी खरुई गांव निवासी ओमकार कुमार चौधरी(45) के रूप में की गई है। मृतक अपने गांव के प्राथमिक स्कूल में पंचायत टीचर के रूप में कार्यरत था।

**छुट्टी के लिए दिया था आवेदन, नहीं हुई कोई सुनवाईः** मतदान केंद्र पर मौजूद उनकी पत्नी और लोगों ने इसकी जानकारी परिजन सहित प्रशासनिक अधिकारी को दी। मृतक की पत्नी रानी देवी ने अपने पति की मौत के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

**बीमार होने के बाद भी लगाई ड्यूटीः** ओमकार की पत्नी रानी



देवी ने बताया कि उन्हें पहले से हार्ट संबंधित बीमारी थी। जिसका इलाज भागलपुर से चल रहा था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी, लेकिन पैसे नहीं होने से दवाई से काम चल रहा था। इसके साथ ही डॉक्टर ने बेड रेस्ट के लिए कहा था। इस बीच लोकसभा चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में बूथ संख्या 210 पर उनकी ड्यूटी लगा दी गई। जबकि मेडिकल रिपोर्ट के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी को छुट्टी के लिए आवेदन दिया गया था। वह 12 मई को मतदान केंद्र पर पहुंच गए थे। पति की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण पत्नी रानी देवी भी मतदान केंद्र पर पर मौजूद थी। सोमवार की सुबह 5 बजे शिक्षक के सीने में अचानक तेज दर्द हुआ। इसके बाद सदर अस्पताल लेकर जाने के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate: **Md. Kalam Sai @Kalam Dewan**, Ward No. 5 Bishambharpur, Majhauliya.
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Md. Kalam Sai @ Kalam Dewan** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM Bettiah , West Champaran | 889/2022 Majhauliya PS West Champaran | Wair for Cognizance | U/S 406,420,467 IPC Fraud |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

Format C-1

Declaration about criminal cases

As per the judgment dated 25th September, 2018. Of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.Vs Union of India & Anr.)

Name and Address of Condidate: **Mohammad Soaib**, Ward No.-5 Chhawani Bettiah-845438
Name of political party: **INDEPENDENT CONDIDATE**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: Lok Sabha General Election 2024
Name of Constituency: **02-Paschim Champaran**
I **Mohammad Soaib** (name of candidate), a candidate for the above mentioned, election, declare for public information the following Details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No | Name of Court | Case No. &date | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and Brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District and Session Judge Bettiah West Champaran | 758/2013 Bettiah Town West Champaran | Evidence | U/S147,148,232,149,341,325,447,302/34 IPC Assault and Murder |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No. | Name of Courts & Dates of Order(s) | Description of offence(s) & punishments imposed | maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

# जनसंपर्क अभियान के दौरान संजय जायसवाल ने मोदी को पीएम बनाने की बात कही

चाणक्यभूमि बेतिया



- फिर से मोदी सरकार लाने को बेकरार है जनता, मोदीमय है पूरा प.चंपारणः डॉ संजय जायसवाल
- डॉ संजय जायसवाल ने लोगों से की अपील कहा इवीएम में कमल छाप का तीसरा बटन दबायें और मोदी जी को फिर से पीएम बनाएं

25 मई को होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव को निरंतर चल रहे अपने जनसंपर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने सुगौली विधानसभा के करमवा, मानसिंघा आदि पंचायतों के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों से 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में इवीएम बॉक्स में तीसरे स्थान के कमल निशान पर बटन दबाने की अपील की। लोगों से मिल रहे समर्थन से उत्साहित डॉ जायसवाल ने कहा कि मोदी राज में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाए जाने जैसे देशहित में हुए ऐतिहासिक कार्यों से चंपारण के लोग खासे उत्साहित हैं। लोग जानते हैं कि जो राम को लाये हैं वही घनश्याम को लायेंगे. लोगों में मोदी सरकार को फिर से लाने की बेकरारी इतनी अधिक है लोग खुलकर भाजपा के समर्थन में आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल मोदी राज में हुए विकास कार्यों का लाभ प. चंपारण को भी भरपूर मिला है. सुगौली व लौरिया के HPCL सुगर मिलों द्वारा मक्के से एथेनौल बनाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अगले साल से यह दोनों मिलें साल के 10 महीने चलने लगेगीं और किसान अपने मक्के की फसल सीधे इन मिलों को बेच सकेंगे। इससे क्षेत्र के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। इसी तरह सुगौली में अमृत भारत योजना के तहत विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन के निर्माण को भी मोदी सरकार द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द इसका काम प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इनके अतिरिक्त मोदी सरकार की जनधन, मुद्रा, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या भी यहां काफी अधिक है।निशुल्क अनाज मिलने से आर्थिक रूप से कमज़ोर तबकों में ख़ुशी है वहीं बिना किसी कमिशन के डीबीटी के जरिये योजनाओं की राशि सीधे खातों में आने से भी लोगों में उत्साह है। लोग मान चुके हैं कि प्रधानमन्त्री जी विकास के पर्याय है।वह जो कहते हैं उसे जरुर करते हैं। उनके प्रधानमन्त्री बनने से ही जनता का भविष्य और सुरक्षित होगा।

## श्रीनगर पुलिस ने शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार

चाणक्यभूमि बैरिया

सरकार के लाख रोकथाम के बाबजूद ना ही पियक्कड़ और ना ही धंधेबाज मानने को तैयार ही नहीं है। इन्हीं पर नियन्त्रण करने के लिये पुलिस लगातार कारवाई करती रहती है। इसी क्रम में श्रीनगर थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोहड़ा फील्ड के पास से बिदेशी शराब संग धंधेबाज को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की धंधेबाज अंडा-भुजा की दुकान मे शराब छुपा कर बेच रहा है।जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत टीम गठित कर कोहड़ा फिल्ड के पास पहुंची। जहा अंडा- भुजा बेच रहे दुकान की तलाशी की गई।तलाशी के दरम्यान 17 बोतल विदेशी शराब संग धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। शराब धंधेबाज की पहचान कोहड़ा निवासी नसुरल्लाह के रूप में हुई ।जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया।

## योगापट्टी के लालगढ़ गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई

चाणक्यभूमि योगापट्टी

**योगापट्टी** के लालगढ़ गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई। जब मारपीट की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची 112 की टीम पहुंचीं तो दोनों पक्षों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया जिससे चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस टीम अपनी जान बचाकर थाना पहुँचकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि लालगढ़ गांव में पूर्व में बनी झोपड़ी की मरम्मती को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसमें दो पक्ष नंदू शर्मा और लक्ष्मी माझी के बीच मारपीट हो रही थी। पुलिस टीम को सूचना मिलने पर वहाँ जाकर मामले को शांत कराने की कोशिश की परंतु दोनों पक्ष आक्रोशित हो गए और पुलिस बल ही हमला कर दिये जिसमे कई पुलिस कर्मी मामूली रूप से घायल हो गये।

## आलोक भारती की बस गड्ढे में गिरी कई छात्र घायल



चाणक्य भूमि योगापट्टी

**योगापट्टी** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौक के समीप छात्रों से भरी बस पलट गई बस पलटता देख आसपास के ग्रामीणों के भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि बस मनुआपुल के समीप स्थित आलोक भारती स्कूल का है। योगापट्टी के तरफ से बच्चों को लेकर स्कूल में मनुआपुल के तरफ जा रहा था। तभी लक्ष्मीपुर चौक से महज 300 मीटर की दूरी पर बस अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गई। बस पलटने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इस बस में सवार बच्चों को हल्की- फुल्की चोट आई है। गनीमत यह रही कि कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई।






## मोरारी बापू के कथा स्थल की तैयारी जोर पर 1 जून से होगा कार्यक्रम

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर में आगामी एक जून से लेकर नौ जून तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय संत मुरारी बापू के 936 वीं राम कथा स्थल का साफ सफाई बनारस के मजदूरों के द्वारा शुरू कर दिया गया है। लगभग 20 की संख्या में दिन-रात काम कर बनारस के मजदूरों के द्वारा कथा स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम के सभी कार्यों के निष्पादन के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से कराया जा रहा है। भोजन बनाने से लेकर पंडाल बनाने तक के लिए बनारस से हीं सभी काम का निष्पादन किया जा रहा है। 1 जून को संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक कार्यक्रम निर्धारित की गई है।2 जून से सुबह से दोपहर तक कार्यक्रम होगा।

**कथा श्रवण से लेकर भोजन करने तक का नहीं लगेगा शुल्क** -: 1 जून से 9 जून तक चलने वाले मुरारी बापू के राम कथा श्रवण में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भोजन करने की व्यवस्था आयोजक श्री राम कथा प्रेम यज्ञ समिति के तरफ से की गई है, जिसका कोई भी शुल्क नहीं लगेगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजक के सहयोगी बनारस निवासी ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं मनोज कुमार दुबे ने बताया कि यहां अफवाह फैलाई गई थी, कि कार्यक्रम देखने के लिए टिकट लगेगा। लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है। यहां आने वालों के लिए भोजन भी फ्री है, और कथा श्रवण करना भी फ्री है। कार्यक्रम आयोजक श्री राम कथा प्रेम यज्ञ के तरफ से 24 घंटे भोजन की व्यवस्था की गई है। जो भी आएगा, वह बिना भोजन किये वापस नहीं जाएगा।

**सीताराम परिवार भी कार्यक्रम में करेगा शिरकत** -: गुजरात के रहने वाले कथा वाचक मोरारी बापू के कार्यक्रम में गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में रहने वाले सीताराम परिवार के लोग भी शिरकत करने वाले हैं जिनके ठहराव के लिए लगभग सभी होटलों को आरक्षित कर लिया गया है। बापू जी कहां ठहरेंगे आज वह भी स्पष्ट हो जाएगा।कथा सथल पर आने वाले भक्तों के बैठने के लिए बनारस से कुर्सियां मंगवाई जा रही है। आयोजक के तरफ से लगभग 10 हजार लोगों के भोजन पानी की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही है।

## नगर निगम और भ्रस्टाचार क्यूँ चुप है जनप्रतिनिधि और जनता

पिछले अंक से आगे

चाणक्य भूमि बेतिया




- बेतिया नगर निगम और भ्रस्टाचार के पिछले अंक में हमने कुछ मुद्दो को उठाया था और जानना चाहा था कि आखिर क्यों चुप है जनता इस सम्बंध में हमे अनेक प्रतिक्रिया मिली जिसपर हम अगले अंक में चर्चा करेंगे फिलहाल आगे देखते है कि नगर निगम में कैसे होता है भ्रष्टाचार

बेतिया नगर निगम कार्यालय में अधिकारी और जनप्रतिनिधियों द्वारा अक्सर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं परंतु बाद की जांचों में ऐसा कुछ भी नहीं निकलता है और सभी बेदाग साबित होते हैं। परंतु हम बता दें कि अगर आरोपों को छोर कर इनके क्रिया कलापों पर ध्यान दिया जाय तो साफ़ साफ़ दिखाई देता है कि यहाँ भ्रस्टाचार है परंतु किसी को दिखाई भीनहीं देता और कोई मानना भी नहीं चाहता । अगर नगर निगम में भ्रस्टाचार अगर देखना है तो आप नक्शा पास करवाने की सोचिये। यहाँ देखा जाय तो परेशानी का आलम इतना है कि वर्तमान मे बनाये जा रहे मकानों में अधिकाँश मकान बिना नक्शा स्वीकृत कराये बनाये जा रहे है और नगर निगम इसपर चुप है और इसकी वज़ह साफ़ साफ़ समझी जा सकती हैं। ऐसा नहीं है कि इनपर कारवाई नहीं की जाती है पर वो दिखाई नहीं देती। अगर इक्का दुक्का कारवाई दिखाई भी देती है य़ह कारवाई शायद ऐसे लोगों पर होती है जो सही तरीके से तालमेल नहीं बैठा पाते होंगे। ऐसा नहीं है कि सभी लोग नक्शा पास नहीं कराते कुछ ऐसे लोग है कि नक्शा पास भी करवाते है परंतु वो सिर्फ दिखावे के लिये ताकि कानूनी रूप से बचा जा सके इसमे नगर निगम के आर्किटेक्ट अधिकारियों के लिये बेहतर कड़ी साबित होते है ।नियमों का पालन भी हो जाता है और आप जैसे चाहे वैसे अपने मकानों का निर्माण करवा सकते है। हालाँकि ऐसे कार्यो में अगर किसी प्रकार का लेनदेन होता हो तो वो इतने गुपचुप तरीके से होता है किसी को जानकारी नहीं होती और आरोप लग नहीं पाते। परंतु यह कतई नहीं माना जा सकता कि इतने बड़े लेबल पर अवैध तरीके का निर्माण बिना किसी लालच के अधिकारी होने देते है। अगर सूत्रों की बात का विश्वास करे तो एक अवैध निर्माण में साठ हजार से तीन लाख तक का लेनदेन होता है परंतु हम इसकी पुष्टि नहीं करते है। लेकिन क्या वजह है कि ऐसा इक्का-दुक्का निर्माण पर कारवाई और बाकी को छोर दिया जाता है जो इन आरोपों पर विश्वास करने की ओर इशारा करता है। आप बेतिया के किसी भी क्षेत्र मे ऐसे निर्माण होते देख सकते है। चाहे छावनी मीना बाजार लाल बाजार कचहरी चेक पोस्ट हो सुप्रिया मुख्य पथ हरिवाटिका चौक हो नगर की छोटी से छोटी गली। इस सम्बंध में अधिकारियों से बात करने पर बताया गया कि उन्हें जब सूचना मिलती है तो वो कारवाई करते है। पर एक बड़ा सवाल की उन्हें सूचना देने वालों लोग अगर ईमानदारी से काम नहीं करते तो ये उनपर कारवाई क्यूँ नहीं करते ?? इन सभी बातों से ऐसा लगता है कि भ्रस्टाचार के आरोप लगाने में कहीं ना कहीं सच्चाई हो सकती है यह जाँच का विषय है जो शायद कभी हो ही नहीं। इस निर्माणों में सबसे ज्यादा निर्माण व्यापारिक भवनों का है । इस सम्बंध में जब एक पार्षद से बात की गई तो उन्होंने निगम की भ्रष्टाचार पर कुछ भी बोलने से मना कर दिया उन्होंने कहा कि जो लोग भी नगर निगम के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं उनको बुरी तरह से परेशान किया जाता है कि वह आवाज उठाना बंद कर देते हैं। पहले वो भी आवाज उठाते थे। परन्तु अब तो वो कुछ भी बोलने से कतराते है उन्होंने कहा कि वो सशक्त समिति के सदस्य है फिर भी उनके क्षेत्र मे बनी सड़क एक महीने में टूट गई फिर भी वो चुप है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब पार्षद सशक्त समिति के सदस्य भी नगर निगम के भ्रष्टाचार के बारे में नहीं बोलना चाहते तो आम आदमी की वीशात है क्या?????









## अवैध नर्सिंग होम में छापा संचालक एवम कर्मी मौके से फरार

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र



लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दिलीप कुमार ने एक कमिटी का गठन कर करीब आधा दर्जन अवैध नर्सिंग होम , क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड का निरीक्षण किया | निरीक्षण के खबर से अवैध क्लीनिक के कर्मियों के बीच हडकंप मच गया |कुछ नर्सीग होम ताला लगाकर फरार हो गये |प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सबसे पहले मां भवानी हेल्थ सेंटर में गये |वहाँ स्थित मां भवानी अल्ट्रासाउंड में कोई चिकीत्सक नही था और अल्ट्रासाउंड हो रहा था |उसी कैम्पस में स्थित दवाखाना में हमारे फर्मासिस्ट द्वारा दवा दुकान के लाइसेंस की मांग की गयी तो दुकानदार देने में असमर्थ रहे |उस अस्पताल में करीब सात रोगियों का शल्य क्रिया हुआ था जिसमे एक अपेन्डीक्स का और छः बच्चेदानी का औपरेशन वाला मरीज था जबकि डाक्टर फरार था |मरीजो के देखरेख के लिये कोई योग्य कर्मी उपस्थित नहीं था | वही अपना हेल्थ केयर सेंटर मे 10मरीजों का शल्य क्रिया किया गया था जिसमे डा विकाश कुमार ने फोन कर बताया कि मरीजों का ऑपरेशन उन्होंने किया है |वहां ओटी असिस्टेंट ए एन एम और ड्रेसर सहित सभी कर्मी उपस्थित रहे |सबका सर्टीफिकेट चेक किया गया |इसके बाद टीम अपोलो अस्पताल में पहुंची वहाँ मरीज और डाक्टर भी नहीं था |इन सभी जगहो पर चिकीत्सीय प्रमाण पत्र पारा मेडीकल व नर्सीग होम का निबंधन प्रमाण पत्र दो दिनो के अंदर हर हाल में देने की मांग की गयी | जांच टीम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा दिलीप कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डा आई हक , चिकित्सा पदाधिकारी डा जितेन्द्र काजी , स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल सिंह , फर्मासिस्ट मनीष कुमार व राकेश कुमार शामिल रहे |

## 97 प्रतिशत नंबर लाकर आयुष राज ने वाल्मीकिनगर का नाम किया रौशन

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)की दसवीं की परीक्षा में वाल्मीकिनगर के आयुष राज ने सबसे ज्यादा नंबर पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है । उन्होंने 97% नंबर हासिल किए हैं। वे संत जेवियर्स विद्यालय के छात्र हैं। वहीं, उनके माता-पिता और परिजन काफी खुशी जता रहे हैं। उनके घर पर मिठाई खिलाने वालों का तांता लग गया है।विद्यालय के शिक्षक आकाश कुमार, धीरज सिंह, सुधांशु कुमार एवं रिजवाना ने आयुष राज के घर जाकर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। वहीं दूसरी ओर आयुष राज के घर पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। आयुष ने बताया कि अच्छे अंक प्राप्त करने का सबसे बड़ा मंत्र नियमित पढ़ाई और सेल्फ स्टडी करना ही है। साथ ही शिक्षकों के बताए गए निर्देश को अक्षरशः पालन करना भी बहुत आवश्यक है।

**बेटे का सपना है वो इन्जीनियर बनें**-आयुष के पिता ने बताया कि इस उपलब्धि पर आज पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बेटे का जो सपना है उसे पूरा करने के लिए मैं पूरी कोशिश करूंगा। फिलहाल उसे बहुत आगे जाना है।आयुष के पिता दुर्गेश गुप्ता व्यवसायी हैं। माता सलोनी देवी गृहणी है।आयुष अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिजन को देता हैं। आयुष का कहना है कि शिक्षकों ने उसका समय-समय पर मार्गदर्शन किया। इसके चलते उसने परीक्षा में बेहतर अंक हासिल किए।









## पीठासीन पदाधिकारी की मौत बीमारी के बाद भी ड्यूटी पर भेजा गया

चाणक्य भूमि

**मुंगेर** में पोलिंग के दौरान एक पीठासीन पदाधिकारी की हार्टअटैक से मौत हो गई है जबकि अधिकारी दिल की बीमारी से ग्रसित थे मृतक कर्मी की पहचान ओंमकार कुमार चौधरी के रूप मे हुई है । जानकारी के अनुसार उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुये चुनाव ड्यूटी जाने से मना कर दिया था। पदाधिकारी मुंगेर के शंकरपुर गांव बूथ नंबर 210 पर प्रतिनियुक्त थे। ओंमकार कुमार चौधरी की ड्यूटी लगी थी। उनकी पत्नी का कहना है कि उन्हें हार्ट की बीमारी थी, हमने पहले ही जिला प्रशासन को आवेदन दिया था कि मतदान में ड्यूटी ना लगाई जाए। इसके बाद भी उनकी ड्यूटी लगाई गई।

## रामगढ़वा के समीप एक ब्यक्ति की वाहन ने कुचलकर मौत गाड़ी चालक फरार

चाणक्य भूमि रक्सौल



मौके पर जुटी भीड़



सोमवार कि अहले सुबह रामगढ़वा से रक्सौल जाने वाली एन एच पर भलूअहिया चौक के समीप एक ह्रदय विदारक सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़वा थाना क्षेत्र के गुरहनवा गांव निवासी मदन राउत उम्र लगभग 50 वर्ष चिमनी में मजदूरी करने सुबह 5 बजे के लगभग घर से निकले हुए थे।भलुअहिया के समीप एनएच को पार करने के दौरान तेज गति से आ रही एक असंतुलित स्कॉर्पियो गाड़ी इनको कुचलते हुए फरार हो गई।लोग इसकी पहचान नहीं कर सके।इस घटना के बाद लोग स्वतः आंदोलित हो गए और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोग पुलिस से उक्त अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी को लेकर कुछ देरों तक एन एच पर डटे रहे।इससे एन एच पर कुछ देरों तक आवागमन भी बाधित रहा।इसकी सूचना मिलते ही राम गढ़वा पुलिस घटनास्थल पर गई और लोगों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। और शव को पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेजा।सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान मदन पटेल के रूप में की गई है जो रेलवे ढाला से सतपिपरा जाने वाली सड़क में स्थित हाफिज जी के चिमनी में मजदूरी का काम करता था।वह वहीं पर काम करने जा रहा था तभी सड़क को पार करने के दौरान यह घटना घटित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है और इसके दो बालिग बेटे कमलेश पटेल और अखिलेश पटेल हैं।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714